Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में पीएचईडी विभाग ठेका कर्मी 3 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *15 फरवरी, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर स्पेशल इकाई द्वारा आज जोधपुर में कार्यवाही करते हुये महिपाल सिंह, ठेका कर्मी, जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग, जोधपुर को परिवादी से 3 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर स्पेशल इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरे मकान में स्थित कपड़े रंगाई की फैक्ट्री में घरेलू पानी कनेक्शन को व्यवसायिक कनेक्शन करने व बडी पैनल्टी भरवाने का डर दिखाकर श्री महिपाल सिंह, ठेकाकर्मी जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग, जोधपुर द्वारा 500/— रूपये प्रति कनेक्शन के हिसाब से क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति से रिश्वत राशि की मांग की जाकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाशचन्द्र बिश्नोई** के सुपरविजन में एसीबी जोधपुर स्पेशल इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम ट्रेप कार्यवाही करते हुये **महिपाल सिंह** पुत्र श्री जगदीश सिंह निवासी 138 हाथी का नोहरा, उम्मेद चौक जोधपुर हाल **ठेकाकर्मी जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग जोधपुर** को परिवादी से **3 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।